संख्या–cm-450
08/12/2019

दिल्ली के अनाज मंडी क्षेत्र में हुई अगलगी की घटना से मुख्यमंत्री मर्माहत, शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना एवं दुख व्यक्त किया

- घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये तथा घायलों के समुचित इलाज का दिया निर्देश

पटना, 08 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार दिल्ली के अनाज मंडी क्षेत्र में अगलगी की घटना में लोगों की हुयी मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को एक–एक लाख रूपये श्रम विभाग की तरफ से तथा एक–एक लाख रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। साथ ही घटना में बिहार के घायल लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है तथा घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त, संयुक्त श्रम आयुक्त के साथ अन्य वरीय अधिकारियों को स्थिति का जायजा लेने तथा घायलों के समुचित इलाज के साथ–साथ हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया है।

******